जब जब जितना माँगा तुमसे उतना दे दिया

(तर्ज: मैं ना भूलूंगा ...)

जब जब जितना माँगा तुमसे उतना दे दिया ,
तेरा शुक्रिया हो बाबा तेरा शुक्रिया

तमन्ना दिल में थी , जो पूरी तुमने करी ,
मेरी झोली खाली , वो बाबा तुमने भरी ,
सब कुछ देकर तुमने बाबा , गले लगा लिया ,
तेरा शुक्रिया ....

राह सुनी सुनी , कोई दिखा नहीं कहीं ,
साथ छोड़ा सबने , मगर तू था खड़ा वहीं ,
जग ने ठुकराया था तुमने , अपना बना लिया ,
तेरा शुक्रिया ....

भरोसा तुमसे है , आसरा तेरा है ,
सिवा तेरे बाबा , कोई ना मेरा है ,
ओ हारे का साथी तुमने , हर दम साथ दिया ,
तेरा शुक्रिया ....

रुलाया जग ने मुझे , सताया जग ने मुझे ,
हंसाकर सांवरिया , गले से लगाया मुझे ,
'प्रियंका' का एक एक आँसू , मोती बना दिया ,
तेरा शुक्रिया ....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/10548/title/jab-jab-jitna-maanga-tumse-utna-de-deya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |